'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 52 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए मंगलवार, 07 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## फरीदाबाद के विकास को और आगे लेकर जाऊंगा : कृष्णपाल गुर्जर

### कृष्णपाल गुर्जर ने सादगी के साथ भरा अपना नामांकन





**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** 2014 के बाद जबसे नरेन्द्र मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली है, मोदी जी ने देश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। 2014 में फरीदाबाद की जनता ने मुझे सांसद चुनकर भेजा तो मैंने फरीदाबाद के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी, फरीदाबाद का चंहुमुखी विकास किया है। फरीदाबाद का विकास मेरी प्राथमिकता है। फरीदाबाद की जनता से आशीर्वाद लेकर मैंने फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा है और फरीदाबाद की जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार फरीदाबाद का सांसद बनकर फरीदाबाद के विकास को ओर आगे लेकर जाऊंगा, यह मेरा संकल्प है । फरीदाबाद लोकसभा से प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने बहुत ही सादगी से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों के साथ फरीदाबाद सेक्टर 12 स्थित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र भरा। इस अवसर पर भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्या सुधा यादव, कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, दीपक मंगला, प्रवीण डागर, जगदीश नायर, नयनपाल रावत, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना एवं रामरत्न, पलवल जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पार्षद अजय बैसला आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे । इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने अपने घर पर हवन कर तिलपत स्थित बाबा सूरदास जी मंदिर पहुंचकर बाबा सूरदास जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा जैसे मोदी भाजपा और एनडीए का चेहरा है, कांग्रेस और ठगबंधन अपने नेता का चेहरा देश के लोगों के सामने लेकर जाएं। उनको पता चल जाएगा देश भी जनता किसके साथ खड़ी है। सारे विपक्षी दल एकत्रित होकर अपना अस्तित्व बचाने में लगे हैं। श्री गुर्जर बे कहा कि 4 जून को परिणाम आने दो, कांग्रेस को देश में 50 सीटें भी नहीं मिलेंगी । देश में एक मात्र पार्टी भारतीय जनता पार्टी है जो आज पूरे देश अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है । फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता ने तय कर लिया है भाजपा को भारी बहुमत से जिताना है, जिससे विपक्षी पार्टी के लोग बौखलाए हुए हैं । इनको अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है इसलिए झूठ और फरेब का एजेंडा आगे कर जनता को भर्मित करने का कार्य कर रहे हैं । देश की जनता मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए गठबंधन को 400 सीट और फरीदाबाद से भाजपा को 10 लाख पार लेकर जाएगी । मुझे फरीदाबाद की 36 बिरादरी पर पूरा भरोसा है की 4 जून को फरीदाबाद सहित पुरे प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा ।

### कांग्रेस के पास न नेता है, न चरित्र : गुर्जर



**नामांकन पत्र भरने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के पास ना नेता है, ना चरित्र है और देश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है। कांग्रेस में मोदी जी के खिलाफ कोई चेहरा नहीं बचा, कांग्रेस में हिम्मत नहीं है कि अपने प्रधानमंत्री पद के दावेदार का नाम बता सके। भाजपा के पास 2 बार की पूर्ण बहुमत की सरकार है, मोदी जी जैसा दूरदर्शी नेतृत्व है और मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस हताश है।**

## स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपा ने किया फरीदाबाद की जनता के साथ धोखा : महेन्द्र प्रताप सिंह

### कांग्रेस प्रत्याशी ने रोज गार्डन लोगों से की मुलाकात, एक दर्जन चुनावी सभाओं को किया संबोधित



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में जोरदार दस्तक देते कई एक दर्जन से भी अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने रोज गार्डन में भी लोगों से जनसम्पर्क किया जहां लोगों द्वारा उनका गमजोशी के साथ भव्य स्वागत कर अपने खुले सर्मथन का ऐलान कर विजयी आर्शीवाद दिया। इस मौके पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजपाईयों की कथित स्मार्ट सिटी पर भाजपा को कटघरे में खडा करते हुए कहा कि फरीदाबाद आज कूढ़ा सिटी बन गया है। शहर के हर क्षेत्र में चारों ओर कूढे के ढेर लगे हैं और दुर्गन्ध से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि दरसल में भाजपा ने योजनाओं के नाम को परिवर्तन कर लोगों के साथ धोखा किया। उन्होंने कहा कि रोज गार्डन भी उन्हीं की दैन लेकिन आज भाजपा सरकार पर इसके रख़ रखाव के लिए पर्याप्त मात्रा में माली भी नहीं है। उन्होंने कहा कि दरसल में भाजपा ने फरीदाबाद आज विकास के मामले में अपूता है। इस औद्योगिक नगरी से उद्योग पलायन हो रहे हैं, बेरोजगारी बढ़ रही है जो चिंता का विषय है। उन्होंने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि पिछले दस साल में भाजपा ने लोगों को महंगाई और भ्रष्टाचार की सौगात दी है। भाजपा ने तो केवल लोगों के समक्ष जुम्ले फेंके हैं और लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद में जो भी विकास दिख रहा है वह कांग्रेस सरकार की दैन है चाहे वह बल्लभगढ तक मैट्रो की बात हो या फिर मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आईएमटी सहित जितनी भी विकास योजनाएं हैं वह सब हमारे शासन की ही दैन है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि अगर वह सांसद बने तो फरीदाबाद के खोए हुए स्वरूप को लौटाकर इसे फिर से वही औद्योगिक नगरी बनाकर यहां विकास की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और भ्रष्टाचार को जडमूल से खत्म किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील कि फरीदाबाद के विकास और अपने स्वाभीमान के लिए कांग्रेस को वोट दें। इस अवसर पर जवाहर कुकरेजा, दिनेश शर्मा, सुभाष नागपाल, भजनलाल डंग, चंदर कालरा व भगवान दास टुटेजा सहित काफी संख्सा में लोग मौजूद ।

## नामांकन से पूर्व नायब और मनोहर के भव्य रोड शो में उमड़ा लोगों का हुजूम

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को भव्य रोड़ शो के बाद करनाल में नामांकन दाखिल किया। इससे पहले दोनों ने जनसभा की। इसके बाद निकले रोड शो में उमड़ी भीड़ के साथ दोनों नेता नामांकन स्थल पर पहुंचे और नामांकन किया। सीएम नायब सैनी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी पत्नी सुमन सैनी ने नामांकन दाखिल किया, जबकि मनोहर लाल के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर करनाल से मौजूदा सांसद संजय भाटिया ने नामांकन किया। इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया, मंत्री महिपाल ढांडा और सुभाष सुधा, विधायक सुरेंद्र नागर, हरविंदर कल्याण, रामकुमार कश्यप, प्रमोद विज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि पूरे हरियाणा की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है और आज करनाल में मनोहर लाल ने नामांकन किया है। नामांकन पत्र भरने के बाद सीएम नायब सैनी ने कहा कि करनाल विधानसभा से भी भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी जीत हासिल करेगी और नरेंद्र मोदी जी की झोली में 10 कमल डालकर आएंगे। वहीं एक कमल चंडीगढ़ लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा की जनता का साथ मिल रहा है।



### मुख्यमंत्री ने विधानसभा और पूर्व मुख्यमंत्री ने लोकसभा के लिए नामांकन किया

### चिलचिलाती धूप के बीच कार्यकर्ताओं का जोश उफान पर

### हरियाणा मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है : मुख्यमंत्री नायब सैनी

### उपचुनाव के साथ-साथ लोकसभा की सभी सीट जीतकर हम इतिहास बनाएंगे : मनोहर लाल

**कार्यकर्ता माइक्रो मैनेजमेंट से इस जीत को सबसे बड़ी जीत में दर्ज करें: नायब सिंह सैनी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह एक-एक बूथ पर बड़ी जीत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार होली और दिवाली हमारे पर्व है, इसी प्रकार चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और हमें इस महापर्व में एक-एक वोट को महत्वपूर्ण मानते हुए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि बड़े अंतर से चुनाव जितवाकर मनोहर लाल को बड़ी पंचायत में भेजने का काम करें।

**मनोहर लाल ने भरा नामांकन**

दूसरी तरफ हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल नामांकन भरने पहुंचे। मीडिया से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें जनता का साथ और भरपूर प्यार मिल रहा है। जिसके बल पर वो कह सकते हैं कि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में सभी लोकसभा सीट जीतकर क्लीन स्वीप करेगी। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में करनाल से भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेगी।

**मनोहर लाल का कार्यकर्ताओं से आह्वान एकजुट होकर मोदी जी के 400 पार के लक्ष्य को सार्थक करें**

नामांकन पत्र भरने से पहले उपस्थित कार्यकर्ताओं को विजय रैली में संबोधित करते हुए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के सबसे बड़े नेता हैं। आज जब भी कोई विश्व में संकट आता है तो विश्व भर के नेता संकट के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संपर्क स्थापित करते हैं और उसका समाधान पूछते हैं। उन्होंने वर्तमान लोकसभा चुनाव को धर्म और अधर्म तथा न्याय और अन्याय के बीच लड़ाई बताते हुए कहा कि एक ओर भाजपा के रूप में धर्म और न्याय है तो दूसरी ओर भाजपा विरोधी ताकते है, जोकि धर्म के विरुद्ध और अन्याय की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि वह एकजुट होकर इस लड़ाई में नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने में अपना योगदान दें। मनोहर लाल ने करनाल विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को बड़े अंतर से चुनाव जितवाने की अपील की।

**नायब और मनोहर की विजय संकल्प यात्रा में उमड़े हजारों लोग, मोदी-मोदी से गूंजा करनाल**

नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले दोनों नेताओं ने एक साथ यहां विजय यात्रा निकाली। यह विजय यात्रा रामलीला मैदान रेलवे रोड से प्रारंभ हुई, जो भगवान वाल्मीकि चौक, नेताजी सुभाष बाजार, ओल्ड बठला केमिस्ट, ए-1 स्वीट्स, चेतन गारमेंटस, महावीर जैन स्वामी चौक, नेहरू पैलेस, ओपीएस ज्वैलर्स, महाबीर दल, स्कूटर मार्केट, सनातन धर्म मंदिर, कर्ण स्वीट्स, सुविधा, निर्मल जूस कॉर्नर, ज्ञान भूषण अस्पताल, भारती इलेक्ट्रानिक्स, लीला ग्रैंड, भगवान परशुराम चौक, होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन, कार एक्सपर्ट, पेट्रोल पंप सेक्टर-12, पाठक अस्पताल होते हुए सेक्टर-12 मार्केट पहुंची। कई किलोमीटर तक भाजपा समर्थकों का हुजूम देखकर भाजपा नेताओं का विश्वास दृढ़ करने के लिए प्रयाप्त था कि करनाल से दोनों ही प्रत्याशियों की जीत का मार्जिन इस बार एतिहासिक हो सकता है। हजारों लोगों के मुंह से निकले मोदी-मोदी के उद्घोष से वातावरण घंटों तक मोदीमय रहा। यहां सेक्टर 12 में लघु सचिवालय में दोनों नेताओं ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



# शरीर के कोने–कोने में भर देंगे खून

**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** जिनके सेवन से छोटी से लेकर बड़ी तक कई बीमारियों से बचने और उनका इलाज करने में मदद मिल सकती है। पेड़–पौधों पर आने वाले पत्तों, फूल और फलों आदि का खाने से लेकर कई कामों में इस्तेमाल किया जाता है। वैसे तो अधिकतर पत्तों का जानवरों के लिए चारे में इस्तेमालभारत में ऐसे कई पत्ते पाए जाते हैं, जिनमें कई पावरफुल गुण होते हैं और इनके इस्तेमाल से कई बीमारियों से राहत मिल सकती है।

बस आपको इनका सही इस्तेमाल करना आना चाहिए। चलिए जानते हैं वो कौन से पत्ते हैं। किया जाता है लेकिन कुछ पत्ते ऐसे



भी होते हैं, जिनमें कई औषधीय गुण होते हैं और उनका इस्तेमाल कई बीमारियों के उपचार में दवा के रूप में किया जा सकता है।

**तेज पत्ता**

खाने का स्वाद बढ़ाने वाला यह पत्ता दिल को स्वस्थ रखने में सहायक है। यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है, पेट दर्द को खत्म करता है, कब का नाश करता है, डायरिया में आराम देता है और डायबिटीज में भी फायदा देता है।

**करी पत्ता**

यह पत्ता खाने को बेहतर खुशबू देने के अलावा ग्लूकोज को कंट्रोल करता है, आयरन से भरपूर यह पत्ता एनीमिया को खत्म करता है, हीमोग्लोबिन बढ़ाता है। अगर आप खून की कमी से जूझ रहे हैं, तो इसका सेवन जरूरी करें।

**मेथी के पत्ते**

लेकिन अप जानते हैं कि यह हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार कोलेस्ट्रॉल को कम करने का काम करता है, डायबिटीज को बेहतर बनाता है, इंसुलिन के स्राव को बढ़ाता है। यह ब्लड क्लॉटिंग को भी बेहतर करता है।

# मूंग दाल खाने से कैंसर-कोलेस्ट्रॉल तक का होगा नाश

**समाचार गेट/एजेंसी**

अगर हम दालों में मूंग दाल की बात करें, तो सभी दालों के मुकाबले इसमें सबसे ज्यादा प्रोटीन पाया जाता हे। यह दाल आमतौर पर तीन तरह की मिलती है, हरी साबुत मूंग , पीली मूंग और धुली हुई मूंग। कुछ लोगों को चने और अरहर की दाल को पचाने में दिक्कत आती है, तो मूंग की दाल उनके लिए सबसे अच्छी है। इसमें हाई प्रोटीन होने के साथ पाचन में भी आसान है। इस दाल का सेवन



गैस और अपच जैसी समस्याओं को भी दूर करता है और इसमें मौजूद फाइबर कब्ज में राहत देने के लिए भी अच्छा है।

**कैंसर का जोखिम कम होता है**

मूंग दाल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कि फ्लेवोनॉयड्स, पॉलीफेनोल्स और विटामिन सी कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसका नियमित सेवन कई बड़ी बीमारियों से बचाने में भी मददगार है।

# बच्चे की हालत खराब हो जाए, उससे पहले ही पैरेंट्स कर लें ये काम

**समाचार गेट/एजेंसी**

गर्मी देखकर आपको भी अपने बच्चे को हीट स्ट्रोक होने का डर सता रहा है, तो इस आर्टिकल में एक्सपर्ट द्वारा बताए गए टिप्स अपनाकर देखें। ये आपके बगर्मियां अब पूरी तरह से आ चुकी हैं और आपको चिलचिलाती हुई धूप ने परेशान करना भी शुरू कर दिया होगा। गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक का खतरा खासतौर पर बच्चों पर अधिक मंडराने लगता है। जैसे–जैसे तापमान बढ़ता है, वैसे–वैसे तीन से 15 साल की उम्र के बच्चों में डिहाइड्रेशन का जोखिम बढ़ने लगता है। ऐसे में मां–बाप के लिए अपने बच्चे को गर्मी के महीनों में ठंडा और सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि बच्चों को गबच्चों को हीट स्ट्रोक से बचाने का सबसे अच्छा तरीका है उन्हें हाइड्रेट रखना है। अपने बच्चे को दिनभर खूब पानी पीने के लिए कहें। आप पानी में नींबू या खीरे के टुकड़े भी डाल सकते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित एक आर्टिकल में मुंबई के मदरहुड हॉस्पिटल से बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजू सिदारद्दी ने बताया कि उनके पास हर हफ्ते 5



से 6 केस डिहाइड्रेशन के आ रहे हैं। बच्चों को स्वीटंड बेवरेजेज की जगह पानी पिलाएं। गर्मी में हीट स्ट्रोक से कैसे बचाया जा सकता है ।च्चे को गर्मी से बचा सकते हैंउन गतिविधियों से बचने की कोशिश करें जिनसे आपके बच्चों को पसीना आता है।

# गौतम गंभीर की इंटरेस्टिंग लव स्टोरी

**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** गौतम गंभीर की लव स्टोरी बहुत ही इंटरेस्टिंग है। इस खिलाड़ी ने शादी से पहले ही अपनी होने वाली पत्नी के सामने एक शर्त रख दी थी। ऐसी है इनकी लव स्टोरी। जब बात कमेंट्री की आती है तो वो बेबाकी से राय देने में भी पीछे नहीं हटते हैं। देखा जाए तो इस शुरुआती दिनों में गंभीर पर कई लड़कियां मरती थीं, लेकिन इस खिलाड़ी ने नताशा के साथ शादी की खबर सुनाकर सबका दिल ही तोड़ दिया। नताशा गौतम गंभीर की वाइफ हैं और दोनों के पिता दोस्त भी हैं। क्योंकि शादी होनी तय थी, इसलिए गंभीर ने शादी से पहले ही नताशा के सामने एक शर्त रख दी। शर्त ? जी हां शर्त, कभी–कभी कुछ शर्ते पार्टनर का इम्तिहान भी ले लेती हैं और आपको एक अच्छे जीवन साथी की तलाश करने में भी मदद करती हैं।




# फहमान खान ने बिग बॉस में जाने से किया इंकार

**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** जब से फहमान खान के बिग बॉस में जाने की चर्चा शुरू हुई है, तब से फैंस उनके बारे में जानने के लिए एक्साइटेड हैं कि वो शो में जा रहे हैं या नहीं। इमली एक्टर को सलमान खान के शो में हिस्सा लेते देखने का इंतजार हर कोई कर रहा है। इसके साथ ही फहमान ने कई सारी बातों पर चर्चा की। उन्होंने अपने नए शो के बारे में भी बात की और इसमें अपने रोल को लेकर काफी कुछ कहा। अपने नए शो कृष्ण मोहिनी का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने शो को लेकर खूब सारी बातें कीं। उन्होंने बताया कि बिग बॉस उनके बस की बात नहीं है। एक्टर ने कहा कि वह शो में नहीं जाएंगे। उन्हें अप्रोच भी किया जा रहा है।

पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए उन्होंने कहा



कि लाइफ बहुत अच्छी चल रही है। सबकुछ ठीक है और फिलहाल कुछ भी नया नहीं है। मैं ऐसा इंसान हूं कि बहुत सारे एक्सपेरिमेंट करना चाहता हूं। मेरा पुराना चार्म कहीं खोया नहीं था। मैंने पहले जो भी काम किया है, उसका सार इसमें देखने को मिलेगा। बिग बॉस में जाके मुझे चार्म नहीं दिखाना अब। नए शो से उम्मीदों को लेकर फहमान ने कहा, मैं कभी किसी शो से उम्मीद नहीं रखता हूं। मैं बस अपना काम करता हूं और बेस्ट देता हूं। ये मेरा काम नहीं है। अगर मैं सोचूंगा तो काम नहीं कर पाऊंगा। मेरी हर शो में कोशिश अपना 100 प्रतिशत देने की होती है। मैं एक्टिंग से अलग हटकर भी काफी कुछ करता हूं, जो मेरे फैंस को पसंद आता है। उनके लिए मैं बहुत कुछ करता हूं। मैं डॉक्यूमेंट्री भी बना रहा हूं।

# नौवें नंबर पर बैटिंग करने उतरे माही पर भड़के इरफान पठान





**समाचार गेट/एजेंसी**

**धर्मशाला।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने महेंद्र सिंह धोनी को आड़े हाथों लेते हुए खरी–खरी सुना दी है। इरफान पठान की माने तो धोनी चेन्नई सुपरकिंग्स के सबसे अनुभवी प्लेयर हैं। उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और टॉप ऑर्डर में बैटिंग करने आना चाहिए।

दरअसल, आईपीएल 2024 में रविवार को हुए मैच में धोनी पंजाब किंग्स के खिलाफ नौवें नंबर पर बैटिंग करने आए। अपने टी–20 करियर में यह पहला मौका था जब माही 9वें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ये पारी इस वजह से भी चर्चा में है क्योंकि धोनी पहली ही गेंद पर बिना कोई रन बनाए हर्षल पटेल की स्लोअर गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए।

पठान ने इंडिया टुडे के हवाले से स्टार स्पोर्ट्स को बताया, एमएस धोनी का नंबर 9 पर बल्लेबाजी करना सीएसके के लिए काम नहीं करेगा, इससे टीम को मदद नहीं मिलती है। मुझे पता है कि वह 42 साल के हैं, लेकिन वह ठोस फॉर्म में हैं। उन्हें ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्हें कम से कम 4 से 5 ओवर तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। वह आखिरी ओवर या आखिरी दो ओवर तक बल्लेबाजी कर रहे हैं और यह लंबे समय तक सीएसके के लिए उद्देश्य पूरा नहीं करता है।

धोनी का बल्ले से यह सीजन शानदार रहा है, उन्होंने सात पारियों में 55 की औसत और 224.49 की स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए हैं। पठान ने कहा, ऐसा हो सकता है कि हम सीएसके को यहां से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करते देखेंगे और उन्हें अपने 90 प्रतिशत मैच जीतने होंगे। बतौर सीनियर प्लेयर धोनी को टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने की जरूरत है। उन्हें वही करना है जो उन्होंने कई मौकों पर किया है। जब टीम को उनकी जरूरत है तो आप शार्दुल ठाकुर को खुद से आगे नहीं भेज सकते। आप धोनी को नंबर 9 पर बल्लेबाजी करते हुए नहीं देख सकते।

# कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप के पक्ष में पृथला में उमडा जनसैलाब

**प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने पृथला की धरती से भरी सत्ता परिर्वतन की हुंकार, पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया को बताया जननेता**

**सांसद बनते ही विकास होगा प्राथमिक्ता और नहीं आने दूंगा अपनी चादर पर आंचः महेन्द्र प्रताप**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने रविवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र से सत्ता परिर्वतन की हुंकार भरते हुए हरियाणा में कांग्रेस की बडी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा के साथ–साथ विधानसभा में बनने वाली कांग्रेस सरकार में इस बार पृथला क्षेत्र का बडा महत्व दिखेगा।

वह यहां फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थन में पृथला विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक चौधरी रघुबीर सिंह तेवतिया के संयोजन में खोले गए चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत उपर्सथित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर क्षेत्र के सभी 104 गावों के हजारों की संख्या में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत कर अपने खुले समर्थन का ऐलान कर भारी बहुमत से जिताने का आश्वासन दिया। इस दौरान लोगों में भारी जोश देखने को मिला और अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बना दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने लोगों की भारी भीड से गदगद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया को सही मायनों में जननेता की संज्ञा देते हुए कहा कि उपर्सथित जनता की मुस्कान और उत्साह बता रहा है कि है कि यहां कि जनता लोकसभा और विधानसभा दोनों में बदलाव चाहती है क्योंकि भाजपा ने फरीदाबाद लोकसभा को विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया है और पृथला क्षेत्र तो अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। किसान, व्यापारी, कर्मचारी, महिला, युवा, कमेरे व कामगार तथा हर वर्ग अपने–आपको ठगा सा महशूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा–पत्र को न्याय–पत्र का नाम दिया है और सरकार बनने पर कांग्रेस 5 न्याय व 25 गारंटी लोगों के समक्ष रखीं हैं जिन्हें पूरा किया जाएगा। भाजपा के तो 15 लाख के जुम्ले निकले हैं लेकिन राहुल गांधी ने न्याय पत्र में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबा सोह भीमराव अंबेडकर व राहुल गांधी की पदयात्रा के पसीने की गंध नजर आती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह एकजुट हो बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी बहुमत से जिताएं क्योंकि इनकी जीत ही हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को बडी ताकत प्रदान करेगा और यहां के लोगों को फिर से वही कांग्रेस का राज देखने को मिलेगा

इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश–प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने विकास पर फोकस रखा वहीं युवाओं को रोजगार दिया और गरीबी को ध्यान में रखकर हर वर्ग के लोगों के हितार्थ कार्य किए मगर पिछले दस साल में भाजपा ने केलव झूठ व जुम्ले दिए हैं, इसलिए एकजुट हो इन अहंकारी भाजपाईयों को अपनी वोट की ताकत दिखानी होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर वह सांसद बने तो विश्वास दिलाते हैं कि आपके सम्मान को झुकने नहीं देंगे और विकास को प्राथमिक्ता देकर अपनी चादर पर आंच नहीं आने दूंगा।

सभा के आयोजक पृथला के पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने हजारों की संख्या में मौजूद लोगों का आभार व्यक्त करते प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को विश्वास दिलाया कि पृथला क्षेत्र की जनता बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष सबसे अधिक मतों से विजय दिलाएगी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर पृथला क्षेत्र के साथ भेदभाव की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोहना में कट की मांग को लेकर पिछले 7 महिनों से किसान धरने पर बैठे हैं लेकिन केन्द्र में मंत्री रहते हुए भी कृष्णपाल गुर्जर के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि जनता अंहकारी के अंहकार को वाट की ताकत से जवाब देगी।

इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता तरूण तेवतिया, लक्ष्मण चेयरमैन, डॉ. मुकेश भाटी, डॉ. गोविन्दराम तंवर, बिजेन्द्र आर्य, प्रहलाद अटाली, रघुनाथ बोहरेजी, ब्रह्मानंद कौशिक, पंडित कुंज बिहारी मांदकौल, पंडित हरिओम, कंवर रतन सिंह, किरणपाल सरपंच, बेगराज सरपंच नवादा, रतन सरपंच फिरोजपुर, गंगाराम, निरंजन नम्बरदार, हेतलाल पहलवान, गुड्डू सरपंच, मांगेराम, बंटी हुड्डा, अनिल दयालपुर, नफीस, जयपाल चौहान, प्रेम बोहरे, जगदीश सरपंच, नरबीर जवां, क्रिम सरपंच, उदय नम्बरदार, कृष्ण चहल, रतन नम्बरदार, दिनेश सरपंच, सुरेश चौहान बघौला, रामशरण चौहान, प्रेम चेयरमैन, हरकेश, वेदपाल आदि हजारों की संख्या में पृथला क्षेत्र के पंच–सरपंच, पूर्व सरपंच, जिला पार्षद सहित गणमाण्य लोग मौजूद थे।

वहीं लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार को तिगांव विधानसभा में पूर्व विधायक ललित नागर, ओल्ड फरीदाबाद में कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन लखन कुमार सिंगला, बल्लभगढ़ में पूर्व विधायक शारदा राठौर के संयोजन में बनाए गए चुनावी कार्यालयों का रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ कर अपने प्रचार अभियान की शुरूआत कर दी। इस दौरान भी उनका जोरदार स्वागत किया गया।

# अक्षय तृतीया से पहले सोने-चांदी की कीमतों में हुआ बड़ा बदलाव

**समाचार गेट/एजेंसी**

सोने–चांदी की कीमतों में आने वाले समय में और तेजी देखने को मिल सकती है। सोने की कीमत 300 रुपये से ज्यादा बढ़ी है। अक्षय तृतीया से पहले सोने के भाव बढ़े हैं। पिछले एक महीने से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट देखी जा रही है।

**लगातार गिर रहे दाम**

सोने और चांदी की कीमतों में पिछले कई दिनों से गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि सोने और चांदी के भाव बढ़े हैं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोना–चांदी बढ़त के साथ खुला है। एक समय सोने के भाव लगातार बढ़त के साथ 74 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर तक



पहुंच गए थे। इसके बाद से इसकी कीमतों में गिरावट आई है।

**क्या है चांदी की कीमत**

एमसीएक्स एक्सचेंज पर यानी सोमवार को 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी बढ़कर 81,893 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 सितंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 83,320 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रही है। इसी के साथ 5 दिसंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 84,882 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है।

**क्या हैं गोल्ड के भाव**

एमसीएक्स एक्सचेंज पर यानी सोमवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 293 रुपये की तेजी के साथ 70,961 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने में सुबह से उछाल देखने को मिल रही है। सोना सुबह बढ़त के साथ खुला है। 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 323 रुपये की तेजी के साथ 71,068 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ट्रेड कर रहा है।

# क्या बजरंग पूनिया को फंसाया गया? दो-दो हाथ करने को तैयार पहलवान

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बजरंग पूनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था।

बिश्केक में एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गये थे। बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर




हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिये मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिये और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए।'

# ट्यूबवैल की मोटर चोरी, अधिकारी बेपरवाह

## मलेरना गांव एवं वार्ड 40 में पानी की किल्लत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** वार्ड-40 के अंतर्गत मलेरना गांव में पिछले कई महीनों से पानी की किल्लत बनी हुई है। आलम यह है कि महिलाएं आसपास के इलाकों से पानी भरकर लाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक से लेकर नगर निगम अधिकारियों तक से कई बार शिकायत की गई, मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पिछले करीब कई माह से ट्यूबवेल की मोटर चोरी हो चुकी है। कई बार शिकायत करने पर भी नगर निगम अधिकारीयों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। गांव और इसके आस-पास के एरिया में पानी नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार नई मोटर लगाने की मांग की है, मगर कोई सुनने को तैयार नहीं है।



गांव वासियों की माने तो उनका कहना है की नगर निगम से तो अच्छा पंचायती राज था कम से कम सरपंच से कह कर समस्याओं का समाधान तो हो जाता था, लेकिन जब से नगर निगम ने मलेरना गांव को अपने अधीन किया है तब से गांव की हालत दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। फोटो में आप देख सकते हैं ट्यूबवैल की हालत जोकि वीरान और खस्ता हालत में है।

लोगों का यह भी कहना है कि जिस तरह से गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है उसी तरह से लोगों के कंठ भी यह सोच कर सूखते जा रहे हैं, कि मई, जून और जुलाई की भीषण गर्मियों में हालात क्या ही होंगे जब की अभी तक कोई सुनवाई नहीं है।

ट्यूबवेल खराब होने के कारण लोगों के लिए पानी का संकट खड़ा हो गया है। कुछ दिन पहले भी नगर निगम में शिकायत दी गई थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

समाचार गेट के माध्यम से गांव वासियों ने नगर निगम अधिकारियों से अपील की है कि जल्द से जल्द इस समस्या पर ध्यान दिया जाये, जिससे कि लोग राहत की साँस ले सकें।

# धर्म की राह पर चलकर जीवन सफल बनाएं: मनधीर मान

## कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह को अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाएं : मनधीर सिंह मान

**समाचार गेट ब्यूरो**

**पलवल।** पलवल शहर के टहरकी गांव में हर साल की तरह इस बार भी भैंस देवता की याद में बड़े धूमधाम के साथ मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनधीर सिंह मान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, मनधीर सिंह मान ने इस मौके पर कहा कि मैं उस परिवार का धन्यवाद करता हूं जिसने धर्म की यह आलौकिक ज्योत जलाई है। मान ने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन हमें दर्शाते हैं कि हमें सदा ही संसार के हर जीव जंतु पशु पक्षी से प्रेम की भावना रखनी चाहिए , क्योंकि यह जीवन चक्र है जिसमें 84 लाख योनियां पार करके इंसान को मनुष्य का जन्म मिलता है। मनधीर सिंह मान ने आगे कहा कि इस तरह के आयोजनों से ही बच्चों में धर्म की जागृति होती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धर्म की राह पर चलकर



जीवन को सफल बनाना चाहिए। मनधीर सिंह मान ने आगे कहा कि ईश्वर हमारी हमेशा परीक्षा लेता है। इस परीक्षा में सिर्फ सेवा करके ही सफल नंबरों से पास हो सकते हैं। हमको ये देखना चाहिए कि हम सामने वाले के लिए क्या कर सकते हैं। वही मनधीर सिंह मान ने आगे कहा कि मैं सभी माताओं से प्रार्थना करता हूं कि आज के समय में बच्चों को जीतना जरूरी शिक्षा देना है उतना ही जरूरी अपने इतिहास को भी बताना है और धर्म के प्रति जागरूक करना भी हमारा ही फर्ज है। वही मनधीर सिंह मान ने कहा कि चुनाव का माहौल चल रहा है हमारे सांसद कृष्णपाल में अब तक फरीदाबाद को विकास के नाम पर सिर्फ लूट कर अपनी जेब में भारी है तो इस बार भाजपा सरकार को करारा जवाब देना है। कांग्रेस पार्टी ने चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह को फरीदाबाद लोकसभा का प्रत्याशी बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी है तथा हम सभी को उनके साथ देकर उनको विजई बनाना है जिससे फरीदाबाद की दिशा और दशा दोनों बदल सके।

# सुनील गावस्कर की बैटिंग देख लोग सो गए थे!

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का हर एक मैच नेक्स्ट लेवल पर खेला जा रहा है। दिग्गज बल्लेबाजों को यंग ब्रिगेड से खूब कड़ी टक्कर मिल रही है। खासकर कम गेंदों में 200-250 के स्ट्राइक रेट से रन कूटकर वो कुछ ही ओवर में गेम पलट दे रहे हैं तो यही वजह है कि टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने के बावजूद विराट कोहली आलोचकों के निशाने पर हैं। न केवल विराट, बल्कि रुतुराज गायकवाड़ और केएल राहुल (लंबे समय से स्स्र के कप्तान पर यह सवाल उठता रहा है) जैसे खिलाड़ियों पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह मामला उस वक्त बढ़ गया, जब आईपीएल के प्लेऑफ से लगभग बाहर हो चुकी आरसीबी ने




गुजरात पर जीत दर्ज की और कोहली ने माइक थामते ही अपने आलोचकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। यह बात लिटिल मास्टर यानी सुनील गावस्कर को पसंद नहीं आई। उन्होंने भी मैदान से लंबी-चौड़ी क्लास लगाई। हालांकि, स्ट्राइक रेट के इस बवाल में महान सुनील गावस्कर की एक पारी जरूर हर किसी के निशाने पर आ गई, जो उन्होंने विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी

**विराट कोहली ने आलोचकों को क्या कहा था?**

खैर, सबसे पहले जानते हैं कि विराट कोहली ने अपने आलोचकों को लेकर क्या कहा था। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के बाद कहा था- वे सभी लोग जो (मेरे) स्ट्राइक रेट और मेरे स्पिन को अच्छी तरह से नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं, वे ही लोग हैं जो इन चीजों के बारे में बात करना पसंद करते हैं। लेकिन मेरे लिए यह सिर्फ गेम जीतने के बारे में है। यही मैं 15 वर्षों से करते आ रहा हूं। टीम को जितवाने के लिए हर दिन करता हूं। मुझे यकीन नहीं है कि अगर आप उस स्थिति में नहीं हैं, तो बैठकर बॉक्स (कॉमेंट्री बॉक्स) से खेल के बारे में बात करें। मुझे नहीं लगता कि यह वही बात है। मैं बस अपना काम कर रहा हूं। लोग खेल पर अपने विचारों और धारणाओं के बारे में बात कर सकते हैं।


# फरीदाबाद लोकसभा चुनाव के लिए 09 उम्मीदवारों ने सोमवार को दाखिल किए नामांकन पत्र: जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के अन्तिम दिन सोमवार को बीजेपी के श्री कृष्ण पाल, निर्दलीय श्री अतुल, पीपल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) की श्रीमती बृजबाला, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के श्री शिव नारायण, जन शक्ति दल के श्री स्वतंत्र सिंह, निर्दलीय श्री नीरज, अखिल भारतीय किसान मजदूर पार्टी के श्री रणधीर सिंह, लोकतांत्रिक जन शक्ति पार्टी के स्कीला हुसैन और आरक्षण विरोधी पार्टी के श्री सुमित कुमार ने फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आज सोमवार को कुल 09 लोगों ने नामांकन दाखिल किए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर 10-फरीदाबाद लोकसभा के लिए गत विगत सोमवार 29 मई को अधिसूचना जारी करने के साथ ही आम चुनाव के लिए नामांकन का कार्य भी शुरू हो गया था। सोमवार को अन्तिम दिन तक 28 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। जबकि कवरिंग कैंडिडेट के प्रत्याशियों की संख्या के हिसाब से कुल नामांकन की संख्या 32 बनती है।






## संपादकीय

# विरासत के सहारे जीत की तलाश करते राहुल गांधी




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तरप्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखित कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और माँ सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहाँ सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी ज़मीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहाँ से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थीं, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पायी है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहाँ लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहाँ तक कि प्रियंका वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए। ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहाँ कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू गांधी परिवार की विरासत भी है। कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी ज़मीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहाँ से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेंगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। ज़ब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, ज़ब उत्तरप्रदेश में समाज़वादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तरप्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तरप्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी।

# एनएच 152डी पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना 421वें दिन भी जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नारनौल-कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 421वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रणधीर पहलवान बागोत ने की। उन्होंने कहा कि सरकार के आश्वासन के बावजूद कट के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण हर-हर महादवे के जयकारे के साथ तपती गर्मी में धरना देने का मजबूर हैं। सरकार के आश्वासन के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ईधर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी चौ धर्मबीर सिंह धरना स्थल पर पंहुचे ओर धरनारत ग्रामीणों को नई सरकार के गठन के बाद प्राथमिकता के आधार पर कट का निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया। धरना संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। धैर्य जवाब देने पर ग्रामीण सरकार का विरोध भी करेगें। इस मौके पर निरजंन सिंह, लक्ष्मण सिंह, हरिओम पोता,विजयपाल, सतपाल सिंह,रामकिशन, मनीराम अत्री, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह,विजयपाल,मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह,सूबे सिंह,बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार,मांगेराम,हेमराज,वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, नरेंद्र शास्त्री,अर्जुन सिंह, शेर सिंह हाजिर थे।

# हरियाणा बाल कल्याण परिषद उपाध्यक्ष परीक्षा शर्मा ने दी पूर्व सीएम मनोहर लाल को जन्मदिन की बधाई

### जन्मदिन के अवसर पर पूर्व सीएम के करनाल से रिकॉर्ड तोड़ ऐतिहासिक जीत की कामना की

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष पारीसा शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से उनके जन्मदिन के अवसर पर मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पारीसा शर्मा ने पूर्व सीएम मनोहर लाल के करनाल से रिकॉर्ड तोड़ मतों से ऐतिहासिक जीत की कामना करते हुए कहा कि पूर्व सीएम के नेतृत्व में प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे आम जनता के बीच बेहद लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहे हैं इसलिए उन्हें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास भी है कि वह करनाल लोकसभा क्षेत्र से पूरे देश में सबसे बड़ी जीत दर्ज करें इतिहास रचने वाले हैं। इस अवसर पर पारीसा शर्मा ने उन्हें हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की गतिविधियों व कार्यों का टेबल कैलेंडर भी भेंट किया। पारीसा शर्मा ने कहा कि वे करनाल में



लगातार महिलाओं से मिलकर उन्हें भाजपा सरकार की योजनाओं और ऐतिहासिक कार्यों के बारे में जानकारी दे रही हैं और वह जहां भी लोगों के बीच गई है, वहां सभी का कहना है कि करनाल लोकसभा क्षेत्र से मनोहर लाल रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजयी होंगे और वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा क्षेत्र से नया रिकॉर्ड कायम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में देश का डंका बज रहा है। अबकी बार भाजपा 400 सीट से अधिक लोकसभा सीट जीतकर पीएम नरेंद्र मोदी का सपना साकार करने जा रही है और उनके इस सपने को साकार करने के लिए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के कार्यकर्ता दिन-रात एक किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अबकी बार 11 कमल खिलने जा रहे हैं, जिसमें प्रदेश में 10 लोकसभा व एक विधानसभा सीट जीतकर भाजपा विपक्ष का सुपड़ा साफ करने जा रही है।

# समाज की धर्मशाला हेतु लखेरा समाज की हुई बैठक

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** लखेरा समाज जिला रेवाड़ी की एक आम सभा का आयोजन रेलवे रोड़ स्थित लाला मक्खन लाल की धर्मशाला में किया गया, जिसकी अध्यक्षता समाज के प्रधान शिव कुमार लखेरा ने की। मीटिंग का उद्देश्य समाज की धर्मशाला हेतु जमीन लेने के लिए था। मीटिंग में प्रधान शिवकुमार ने बताया कि संस्था द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग पंचकूला व रेवाड़ी से जमीन लेने हेतु प्रार्थना पत्र दिया हुआ है, जिस पर विभाग द्वारा कार्रवाई होनी बाकी है। एचएसवीपी द्वारा रेवाड़ी के सेक्टर 19 में संस्थाओं के लिए जमीन चिन्हित की गई है और जो भी संस्था जमीन लेना चाहती है वह अपना आवेदन एचएसवीपी में दे सकती है। समाज के सभी लोगों ने धर्मशाला की जमीन हेतु बढ़-चढ़कर सहयोग किया और आगे भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से उद्यमी राम लखेरा, महेश लखेरा, ज्ञान प्रकाश लखेरा, प्रेम लखेरा, चंद्र प्रकाश लखेरा, मनोज लखेरा एडवोकेट, कृष्ण लखेरा, हितेश लखेरा, सुनील लखेरा, धर्मेंद्र लखेरा आदि गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



# वीआईपी स्कूल में छात्राओं के लिए किया काउंसलिंग का आयोजन



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** महेन्द्रगढ़ रोड स्थित वीआईपी स्कूल में सीनियर वर्ग की छात्राओं के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया। साइको-शिक्षा सेशन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वर्तमान परिवेश में आने वाली विभिन्न समस्याओं का निवारण करना रहा। काउंसलर सोनू धनखड़ ने युवा अवस्था में आने वाली समस्याओं यथा स्वाभाविक क्रोध पर नियंत्रण, तनाव-मुक्त शिक्षा व सामाजिक व्यवहारिक समन्वय का उचित स्थापन आदि पर बल दिया। छात्राओं ने अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने इसका उचित मनोवैज्ञानिक निराकरण किया। उपस्थित कोर्डिनेटर अध्यापिका प्रियंका यादव एवं अध्यापिका अनिता ने बताया की काउंसलिंग की जरूरत न सिर्फ परेशानी में, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार करने के दौरान भी पड़ती है। आने वाले समय में इसका दायरा और भी तेजी से बढेगा। इस दौरान अध्यापिका पूनम ने सेल्फ डिफेंस के बारे में बताते हुए मुसीबत के समय अपने को कैसे बचाना है छात्राओं को बताया।

# सीए मोहित जैन बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की सूची कल जारी की गई जिसमें रेवाड़ी विधानसभा से मोहित जैन को प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। मोहित जैन पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट है और समाज सेवा के रूप में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देते रहे हैं शहर की प्रबुद्ध संस्था जैन पब्लिक स्कूल में सह सचिव के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। मोहित जैन ने संवाददाताओं को बताया कि इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे और अल्पसंख्यकों की आवाज को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस नियुक्ति पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, अल्पसंख्यक मोर्चाअध्यक्ष जान मोहम्मद, मोर्चा महामंत्री सिकंदर सलमानी पसमांदा, सुभाष जैन का धन्यवाद प्रेषित किया।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया डहीना ने पेंशनर मिलन समारोह में विभिन्न स्कीमों के बारे जानकारी दी



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया डहीना ओर से रविवार को क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार दुआ की उपस्थिति में पेंशनर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे शाखा प्रबंधक रामसिंह सैनी दवारा पेंशनर का अभिनंदन किया गया। समारोह में पैंशनधारको सम्मानित भी किया गया। समारोह में पेंशनभोगी के मुद्दे और समस्या के बारे में सुन कर समाधान किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार दुआ ने कहा कि पेंशनभोगी बैंक की विभिन्न प्रकार जमा योजना व पैंशन लोन के अलावा सूक्ष्म लघु योजना के अंतर्गत ऋण जीएसटी लोन, मुद्रा योजना, बिजनेस लोन, आढ़तियों लोन आदि का लाभ उठा सकते। कार्यक्रम में बैंक के असिस्टेंट मैनेजर हरकेश कुमार, एएफओ सतीश रोठोड़, नरेश, बीसी कुलदीप जी उपस्थित हुए। बता दें कि डहीना सेन्ट्रल बैंक में 800 के करीब पेंशन धारक है।

# मेगा चिकित्सा जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जैन समाज रेवाडी ने रोटरी क्लब ऑफ रेवाडी मेन के सहयोग से भगवान महावीर अस्पताल, जैनपुरी में एक मल्टीस्पेशलिटी शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञता के डॉक्टरों की एक टीम ने अपनी सेवाएँ दीं। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय कुमार जैन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अजीत प्रसाद जैन एवं कमला जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में शिविर में शामिल हुए। चैरिटेबल हॉसपिटल के अध्यक्ष विपिन जैन ने जैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं रोटरी क्लब के सदस्यों का स्वागत किया। रोटरी क्लब की अध्यक्ष ज्योति अदलखा ने जैन समाज द्वारा किए गए परोपकारी कार्यों की सराहना की और भविष्य में भी हर प्रकार के सहयोग की पेशकश की। इस शिविर में 80 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की गयी तथा 23 लोगों ने रक्तदान किया जिसमें 4 रक्तदाता महिलाएं थीं. दांतों की जांच और फिजियोथैरेपी के लिए शिविर अगले एक सप्ताह तक जारी रहेगा, जिसमें मरीज मामूली राशि चुकाकर लाभ उठा सकते हैं। अपने स्वागत भाषण में क्लब अध्यक्ष ज्योति अदलखा ने अध्यक्ष विपिन जैन, सचिव राजीव जैन, कोषाध्यक्ष अनुज जैन, उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, संयुक्त सचिव नितिन जैन, सुरेंद्र जैन, शारदा जैन, संदीप जैन और राधिका जैन सहित अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद दिया। क्लब सचिव नेहा शर्मा ने अधिक से अधिक लोगों से इलाज के लिए आने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह क्लब का 16वां रक्तदान शिविर था और क्लब ने 2000 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया है। शिविर के लिए राहुल जैन को प्रोजेक्ट चेयरमैन की जिम्मेदारी दी गई। इस कार्यक्रम में हरीश मेहंदीरत्ता, अनुकूल शर्मा, विपिन यादव, अनुराधा सैनी, लतिका गाबा और जिला अध्यक्ष प्रशासन डॉ. नवीन अदलक्खा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। क्लब की ओर से जैन समाज के पदाधिकारियों एवं अस्पताल प्रबंधन के सदस्यों को स्मृति चिन्ह दिये गये।


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# बिना अनुमति चुनाव में नहीं दोड़ेगी कोई गाड़ी : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

## कहा, बिना अनुमति चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं कर सकता कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार

## चुनाव प्रचार के लिए प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक ही कर सकेंगे लाउडस्पीकर का प्रयोग

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार शक्तियों का प्रयोग करते हुए कहा कि फरीदाबाद लोकसभा आम चुनाव-2024, के सुचारू और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए इस तरह के कदाचार पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 इस प्रकार आदेश देते हुए कहा कि किसी भी उम्मीदवार को बिना परमिट के प्रचार के लिए किसी भी वाहन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परमिट संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं कर सकता है, जिसे पंजाब उपकरण (शोर पर नियंत्रण) अधिनियम, 1956 की धारा 4 के तहत अनुमति जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है। केवल सुबह 6 बजे से रात 10:00 बजे के बीच ही इस्तेमाल किया जा सकता है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार किसी उम्मीदवार द्वारा किए जाने वाले खर्च की ऊपरी सीमा से बचने के लिए अपने स्वयं के प्रचार के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार या डमी उम्मीदवार के वाहनों का उपयोग नहीं करेगा। ऐसे मामलों में, स्वतंत्र उम्मीदवार या डम्मी उम्मीदवार से संबंधित कोई भी वाहन, जिसका विवरण स्वतंत्र उम्मीदवार द्वारा प्रदान किया गया है, को भी जब्त कर लिया जाएगा। यदि यह पाया जाता है कि इसका उपयोग अन्य उम्मीदवारों द्वारा किया गया है और दोनों उम्मीदवारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है, कि वे चुनाव प्रचार के लिए उनके द्वारा उपयोग किए जा रहे वाहनों का विवरण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को तुरंत प्रस्तुत करें। वहीं संबंधित रिटर्निंग अधिकारी वाहनों की सूची पर्यवेक्षकों, जिला चुनाव अधिकारी के साथ-साथ पुलिस आयुक्त को भी प्रदान करेगा। जिलाधीश विक्रम सिंह ने आगे कहा कि यदि किसी उम्मीदवार द्वारा बिना सूचना दिये कोई निजी वाहन प्रयोग किया जाता पाया गया तो यह वैधानिक होगा। ऐसे वाहनों का प्रयोग करने वाले प्रत्याशी के साथ-साथ वाहन मालिक के विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर चुनाव के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं कानून के साथ-साथ आईपीसी की धारा 188 और अन्य प्रावधानों के तहत बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त फ़रीदाबाद और संबंधित रिटर्निंग अधिकारी इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे और सावधानीपूर्वक अनुपालन के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी करेंगे। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि स्थिति की आकस्मिक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, आदेश एकपक्षीय रूप से जारी किया जा रहा है और यह आम जनता को संबोधित है। उपरोक्त आदेशों के उल्लंघन में उपयोग किया गया कोई भी वाहन जब्त कर लिया जाएगा और उक्त वाहन का मालिक आपराधिक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा। यह आदेश पूरे जिला में प्रचारित किया जाए और इस आदेश की प्रतियां नगर निगम/समिति, उपमंडल न्यायालयों और तहसील न्यायालयों और सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ पुलिस स्टेशनों के नोटिस बोर्डों पर चिपका दी जाए।



जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जबकि मुझे यह प्रतीत हुआ है कि चुनाव प्रचार से जुड़े विभिन्न व्यक्तियों द्वारा चुनाव कानूनों का उल्लंघन करते हुए विभिन्न कदाचार अपनाए जा रहे हैं। उदाहरण के लिए चुनाव कानून के अनुसार उम्मीदवारों को विवरण सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसा वाहन, जिनका उपयोग उनके द्वारा चुनाव प्रचार के लिए किया जाएगा। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि अभ्यर्थियों के पास अधिसूचित वाहन नहीं हैं और बिना सूचित किए निजी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। तो संबंधित रिटर्निंग को उनके द्वारा उपयोग किए गए वाहनों का विवरण उपलब्ध कराए बिना अधिकारी विधानसभा क्षेत्र कुछ उम्मीदवार खर्च की ऊपरी सीमा से बचने के लिए अन्य स्वतंत्र/डम्मी उम्मीदवारों के वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। कुछ उम्मीदवार और उनके समर्थक बिना वैध परमिट के लाउडस्पीकर और वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। जोकि गैरकानूनी है।

## बाल विवाह रोकने हेतु प्रशासन की एक अनूठी पहल : जिलाधीश विक्रम सिंह

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया की अक्षय तृतीया के अवसर पर लोगों द्वारा बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित किए जाते हैं, इसी क्रम में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा भी प्रचलित रही है। जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने बताया की वर्ष 2024 में अक्षय तृतीया आगामी 10 मई को है। और संभावना है की इस साल भी 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन बडी संख्या में विवाह समारोह आयोजित किए जाएगें। इस संबंध में जिला संरक्षण व बाल विवाह निषेध अधिकारी श्रीमती हेमा कौशिक ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए विवाह करवाने वाले पुजारी, गांव के पंच सरपंच, बैंकेट हॉल व विवाह वाटिकाओ के संचालकों को आग्रह किया है। साथ ही विवाह समारोह आयोजित कराने वाले विवाह विशेष पेलैस व हॉल संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे विवाह बुकिंग लेने से पहले दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्र की जांच करे। अपने यहां बाल विवाह आयोजन न होने दे। उन्होने आमजन से अनुरोध करते हुए कहा है कि यदि उनके संज्ञान में ऐसा कोई विवाह आता है तो वह इस बारे में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 112, महिला एवं बाल विकास हेल्पलाइन नंबर 181 या स्थानीय पुलिस स्टेशन पर सूचना दें।

# होडल सीआईए ने एक को अवैध हथियार व एक को सप्लायर को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में पुलिस ने एक विषेश अभियान अवैध हथियार धारकों की धार पकड़ के सम्बंध में चलाया हुआ है इसी के चलते होडल सीआईए ने होडल क्राइम ब्रांच प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की खास मुखवीर ने बताया की गांव पेंगलतु नाले के पास एक व्यक्ति खड़ा हुआ है अगर रेड की जाए तो पकड़ा जा सकता है सूचना के आधार पर रिंकू हेड कांस्टेबल के नेतृत्व मै टीम गठित की गई मौके पर जाके उस व्यक्ति को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया गया। सीआईए प्रभारी ने और जानकारी देते हुए बताया की होडल क्राइम ब्रांच प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत गांव पेंगलतू नाले के पास से गांव गौढोता निवासी युवक को अवैध



देसी कट्टा सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। मामले में हेड कांस्टेबल रिंकू सिंह के नेतृत्व में गठित आगामी जांच इकाई ने बरामद अवैध हथियार के सप्लायर बारे पता लगाकर गांव गौढोता निवासी सप्लायर को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# हथोड़े से वारकर हाथ पांव तोड़ने के मामले एक साल से फरार बदमाश को एसटीएफ पुलिस ने धर दबोचा

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल बार्डर पर स्थित गांव करमन में हथोड़े से पीटकर हाथ पांव तोड कर रुपए लूट के मामले में पिछले एक साल से फरार चल एक आरोपी युवक को एसटीएफ पुलिस पलवल ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी युवक से अवैध हथियार भी बरामद किया है। आरोपी युवक पर पुलिस ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है। फरीदाबाद में आरोपी युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला भी दर्ज है। पुलिस ने आरोपी युवक को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।



आरोपी युवक अमरेश होडल के करमन कुमार गांव का निवासी है। अमरेश कुमार अपने साथियों के साथ मिलकर अंकित उर्फ भोला पर हथौड़े से हमला कर उसके हाथ पैर तोड़ दिया था। अमरेश और उसके साथियों ने अंकित के जेब में रखे 12 हजार रूपए भी लूट लिया था। अमरेश और उसके साथियों ने अंकित को अधमरा छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। होडल थाना पुलिस ने अमरेश और उसके साथियों के ख़िलाफ़ 19 दिसंबर 2023 को मामला दर्ज कर लिया था। अमरेश उसी दिन से फरार चल रहा था। पुलिस महानिरीक्षक साउथ रेंज रेवाड़ी की ओर से उक्त आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

पलवल एसटीएफ पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार में जुटी हुई थी। एसटीएफ पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी युवक अमरेश गुरुग्राम के झाड़सा गांव में मौजूद हैं। टीम ने दबिश देकर आरोपी युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बताया गया है कि आरोपी युवक के खिलाफ फरीदाबाद में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। एसटीएफ टीम ने आरोपी युवक अमरेश को कोर्ट में पेश 2 दिन के रिमाइंड पर लिया है ।

# कनीना में नपा दस्ते ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नगरपालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने सोमवार को नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिसे लेकर दुकानदार सहम गए। दस्ते में शामिल कर्मचारियों ने दुकान से बाहर सडक मार्ग में रखे सामान को उठाकर नपा के वाहनों में डालना शुरू किया तो बाजार में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। कुछ दुकानदार रास्ते में रखे सामान को आनन-फानन में समेटने लगे वहीं रेहडी-फडी वाले भी पीछे खिसकने लगे। देखते-देखते सडक मार्ग खुले ओर चोडे दिखई देने लगे। नपा सचिव समयपाल सिंह ने बताया कि उन्हें लगातार अतिक्रमण सम्बंधी शिकायतें मिल रहीं थी। जिसे चलते सोमवार को मंडी रोड, रेवाडी-महेंद्रगढ मुख्य मार्ग सहित अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाया। उन्होंने कहा कि नपा की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा।

# अंतिम दिन 10 उम्मीद्वारों सहित कुल 30 ने किया नामांकन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** भिवानी-महेंद्रगढ लोकसभा चुनाव क्षेत्र से डॉ.एलसी जोशी सोमवार को सादगी के साथ आजाद उम्मीद्वार के रूप में रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय नारनौल में नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने अपना एजेंडा कार्यकर्ताओं के सामने रखते हुए कहा कि युवाओं को नोकरी प्रदान करने तथा शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास किए जाएगें। मंहगी एकेडमिक तथा व्यवसायिक शिक्षा प्रणाली से छुटकारा दिलाकर सस्ती व सुलभ शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्य किया जाएगा। जिससे गरीब परिवार के बच्चे को भी उच्च तथा तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिलेगा। इसी प्रकार आमजन के स्वास्थ को देखते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन किया जाएगा।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.एलसी जोशी के अलावा नामाकंन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 10 पत्रों सहित कुल 23 उम्मीद्वारों ने कवरिंग सहित 30 आवेदन दाखिल किए। इन प्रत्याशियों में डेमोक्रेटिक पार्टी से बलवान सिंह, बीएसपी के कवरिंग प्रत्याशी संजय कुमार,भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से भारत भूषण, आजाद उम्मीद्वार महाराज जयसिंह,महावीर सिंह, सीमा, कांग्रेस पार्टी के कवरिंग कंडिडेट शामिल रहे।

## मां ओमवती डिग्री कॉलेज में विदाई पार्टी का आयोजन




**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** कस्बा हसनपुर स्थित मां ओमवती डिग्री कॉलेज में फाइनल ईयर के छात्रों द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। मां ओमवती संस्था के अध्यक्ष डॉ जेबी गोयल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। डा. जेबी गोयल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको उत्थान की तरफ जाना है ना कि पतन की तरफ। आप तरक्की करके माता-पिता तथा संस्था का नाम रोशन करें यही हमारी कामना है। संस्था के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आपकी अच्छाई तथा बुराई के साथ हमारा तथा संस्था का मान सम्मान जुड़ा हुआ है । इस अवसर पर छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्था द्वारा छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में मंच का संचालन हर्षिता तथा आची छात्राओं द्वारा किया गया । इस अवसर पर डॉ रेखा शर्मा, डॉ नीलम चौहान ,डॉ संगीता, डॉ हेमंत शर्मा, डॉ सुरेश चंद्र ,सुभाष चंद्र, नरेंद्र शर्मा, ज्योति शर्मा, राजबाला ,सुनील बैंसला, सुरेंद्र जाखड़ ,मुकेश शर्मा आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।







# विपक्ष की आवाज दबा लोकतंत्र का हनन कर रही भाजपा : चौ. उदयभान

## फरीदाबाद का विकास कांग्रेस पार्टी की देन : महेंद्र प्रताप

**कांग्रेसी नेता लखन सिंगला के संयोजन में आयोजित फरीदाबाद 89 कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी लोगों की भीड़**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा है कि कांग्रेस ही सही मायनों में हर वर्ग के हितों की पार्टी है जबकि भाजपा ने गरीबों के हकों पर कुठाराघात किया है। भाजपा ने फरीदाबाद को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया है, जो फरीदाबाद कांग्रेस राज में विश्व के मानचित्र पर औद्योगिक रुप से चमकता था, आज यहां से उद्योग पलायन हो रहे है, बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन भाजपाई कागजों में विकास की बात करके लोगों को गुमराह कर रहे है, लेकिन अब जनता भाजपाईयों के झूठे प्रलोभनों में कतई आने वाली नहीं है। चौ. उदयभान सेक्टर-19 सथित अग्रसेन भवन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला के संयोजन में आयोजित फरीदाबाद विधानसभा 89 के कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि उपसथितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान लखन सिंगला के संयोजन में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान और कांग्रेस प्रत्याशी चौ. महेंद्र प्रताप का बड़ी माला व सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने एक स्वर में चौ. महेंद्र प्रताप को भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद ओमवती कंवर के पति निहाल पहलवान व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष महावीर बिश्नोई ने अपने समर्थकों सहित कांग्रेस का दामन थामा। प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कांग्रेस में शामिल हुए सभी लोगों को पटका पहनाकर उनका पार्टी में आने पर स्वागत किया और उन्हें पूरा मान



सम्मान देने का भरोसा दिलाया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौ. उदयभान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है और सरकार बनने पर कांग्रेस 5 न्याय व 23 गारंटी लोगों के समक्ष रखीं हैं जिन्हें पूरा किया जाएगा। भाजपा के तो 15 लाख के जुम्ले निकले हैं लेकिन राहुल गांधी ने न्याय पत्र में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबा सोह भीमराव अंबेडकर व राहुल गांधी की पदयात्रा के पसीने की गंध नजर आती है। उन्होंने कहा कि अब पचा लीक नहीं होगा और प्रदेश में युवाओं को रोजगार की गारंटी हमारी है। उन्होंने मंच से कांग्रेस प्रत्याशी चौ. महेंद्र प्रताप को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी चौ. महेंद्र प्रताप ने भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले दस साल में भाजपा ने लोगों को महंगाई और भ्रष्टाचार की सौगात दी है, आज बेरोजगारी चरम सीमा पर है और लोगों के समक्ष दो जून की रोटी की समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने फरीदाबाद का जिक्र करते हुए कहा कि यह जिला विकास पटरी से पूरी तरह से उतर गया है क्योंकि फरीदाबाद का सही विकास कांग्रेस की ही देन है। भाजपा ने तो केवल लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया है। फरीदाबाद शहर में मैट्रो कांग्रेस लेकर आई और कांग्रेस ने ही बल्लभगढ तक मैट्रो का विस्तार किया। मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार की देन है, यूनिवर्सिटी, आईएमटी सहित मास्टर प्लान के तहत कराए गए विकास कार्य केवल और केवल कांग्रेस की देन है और इसी विकास की बदौलत वह जनता के बीच समर्थन मांगने जा रहे है और उन्हें विश्वास है कि जनता उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजेगी और भाजपा का अहंकार तोड़ेगी। इस अवसर पर सम्मेलन के आयोजक लखन सिंगला ने आए हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि पूर्वमंत्री चौ. महेंद्र प्रताप ईमानदारी छवि के पुरानी कांग्रेसी नेता है और पार्टी ने उन्हें चुनावी रण में उतारा है इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है कि उन्हें विजयी बनाने में जुट जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के दस सालों में व्यापारी व दुकानदार वर्ग जीएसटी और नोटबंदी से तबाही के कगार पर पहुंच गया है अब समय आ गया है, जब वोट की ताकत से इस जनविरोधी भाजपा को करारा जवाब दिया जाए। श्री सिंगला ने भाजपा प्रत्याशी द्वारा वैश्य समाज को लेकर दिए गए बयान की भी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अबकि बार वैश्य समाज उन्हें तराजू की ताकत दिखा देगा और उन्हें भारी मतों से पराजित करके कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को फरीदाबाद का नया सांसद चुनेगा। उन्होंने मंच से श्री प्रताप को विश्वास दिलाया कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में भेजेगी और उसके बाद सही मायनों में फरीदाबाद जिले का विकास किया जाएगा।

इस मौके पर कांग्रेसी नेता विजय प्रताप, मुकेश शास्त्री, आभास चंदीला, डालचंद डागर, रेनू चौहान, कुंवर बालू सिंह एडवोकेट, बालकिशन वशिष्ठ, सुभाष पांचाल, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नितिन सिंगला, मनधीर मान, रिंकू चंदीला, विकास वर्मा, राजेश खटाना, अजब सिंह नागर, निहाल पहलवान, आप नेता अमन गोयल, कमल तंवर, राजेंद्र चपराना, राव महेंद्र, महेंद्र कुमार, गुलाब सिंह गुड्डू, किशन लाल, लाला शर्मा, युद्धवीर झा चेयरमैन पूर्वांचल समाज, सरस्वती प्रधान, बंटी चौधरी, दीपक रावत, विरेंद्र वशिष्ठ, आसे सरपंच, कर्मबीर खटाना, सुरेंद्र अग्रवाल, विजय भीम बस्ती, कपूरचंद अग्रवाल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सैनिक कालोनी को उसका खोया स्वरुप लौटाया : कृष्णपाल गुर्जर

## कांग्रेस प्रत्याशी के गढ़ में भाजपा प्रत्याशी का हुआ जोरदार स्वागत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि भाजपा के दस वर्षो के शासनकाल के दौरान सैनिक कालोनी को उसका खोया हुआ स्वरुप लौटाने का काम किया है। पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान इस कालोनी की हालत बद से बदत्तर थी, टूटी सडक़ें बदहाल सीवरेज, पीने के पानी की कमी सहित अन्य समस्याओं से ग्रस्त लोग यहां से पलायन करने लगे थे, लेकिन जब से केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार आई, उसके बाद इस कालोनी की कायाकल्प हो गई और जहां सीमेटिंड सडक़ें का जाल बिछाया गया वहीं बरसाती पानी की निकासी के उचित व्यवस्था की गई। इसके अलावा पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाकर इसे शहर की मुख्यधारा से जोड़ा गया। श्री गुर्जर दि एक्स सैनिक सोसायटी के निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना द्वारा सैनिक कालोनी में आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपसथितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से बडखल की विधायिका एवं शिक्षामंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, एनआईटी क्षेत्र के भाजपा नेता धर्मबीर भड़ाना मौजूद थे। इस दौरान राकेश धुन्ना व कार्यक्रम में मौजूद सोसायटी के मौजिज लोगों ने बड़ी माला के द्वारा



भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया और उन्हें तीसरी बार भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजने का संकल्प लिया। समारोह में उमड़े जनसमूह से उत्साहित कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने दस वर्षो में देश व प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है, फरीदाबाद जिला भी पिछले दस वर्षो में विकास की राह पर अग्रसर हुआ है, शहर और या गांव विकास का पहिया चहुंओर बराबर चला है और लोगों को मौलिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत रही है। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनावी परिणाम विकसित भारत के सपने को साकार करेगा इसलिए विपक्षियों के भ्रामक प्रचार में न आकर कमल के निशान का बटन दबाकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का काम करे ताकि विकास का यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहे। इस मौके पर शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा ने भी अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा दस वर्षो में किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया और कहा कि चौ. कृष्णपाल गुर्जर ने सदैव फरीदाबाद के विकास को प्राथमिकता दी है, यही कारण है कि आज यह जिला देश के विकसित जिलों की श्रेणी में शुमार है। उन्होंने कृष्णपाल गुर्जर को भरोसा दिलाया कि बडखल विधानसभा क्षेत्र की जनता उन्हें पिछली बार से भी ज्यादा बहुमत से विजयी बनाकर संसद भेजने का काम करेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजनक राकेश धुन्ना ने सभी अतिथियों व आए हुए लोगों का आभार जताते हुए कहा कि विकास का यह दौर आगे भी जारी रहेगा और कृष्णपाल गुर्जर जी दो बार की तरह तीसरी बार भी रिकार्ड मतों से विजयी होकर नया कीर्तिमान रचेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रवीण चौधरी, पूनम आहुजा, आजाद भड़ाना, अनीता शर्मा, मेहरचंद हरसाना, दीपक विरमानी, चंदर विरमानी, हरेंद्र भड़ाना, सुशील शर्मा, जयकिशन, अनीता दहिया, अंजू चौधरी, विनय गोयल, सहगल जी, भूदेव, अमित ठाकुर, अजब भड़ाना, मुनेश, सतीश, संदीप नेहरा, राजेंद्र पालीवाल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फरीदाबाद के विकास को और आगे लेकर जाऊंगा : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर ने सादगी के साथ भरा अपना नामांकन पत्र

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** 2014 के बाद जबसे नरेन्द्र मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली है, मोदी जी ने देश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं । 2014 में फरीदाबाद की जनता ने मुझे सांसद चुनकर भेजा तो मैंने फरीदाबाद के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी, फरीदाबाद का चंहुमुखी विकास किया है । फरीदाबाद का विकास मेरी प्राथमिकता है । फरीदाबाद की जनता से आशीर्वाद लेकर मैंने फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा है और फरीदाबाद की जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार फरीदाबाद का सांसद बनकर फरीदाबाद के विकास को ओर आगे लेकर जाऊंगा, यह मेरा संकल्प है । फरीदाबाद लोकसभा से प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने बहुत ही सादगी से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों के साथ फरीदाबाद सेक्टर 12 सथित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र भरा । इस अवसर पर भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्या सुधा यादव, कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, दीपक मंगला, प्रवीण डागर, जगदीश नायर, नयनपाल रावत, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, पूर्व विधायक



नगेन्द्र भड़ाना एवं रामरत्न, पलवल जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पार्षद अजय बैसला आदि भाजपा नेता उपसथित रहे । इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने अपने घर पर हवन कर तिलपत सथित बाबा सूरदास जी मंदिर पहुंचकर बाबा सूरदास जी का आशीर्वाद लिया। नामांकन पत्र भरने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के पास ना नेता है, ना चरित्र है और देश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है । कांग्रेस में मोदी जी के खिलाफ कोई चेहरा नहीं बचा, कांग्रेस में हिम्मत नहीं है कि अपने प्रधानमंत्री पद के दावेदार का नाम बता सके । भाजपा के पास 2 बार की पूर्ण बहुमत की सरकार है, मोदी जी जैसा दूरदर्शी नेतृत्व है और मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस हताश है । उन्होंने कहा जैसे मोदी भाजपा और एनडीए का चेहरा है, कांग्रेस और ठगबंधन अपने नेता का चेहरा देश के लोगों के सामने लेकर जाएं । उनको पता चल जाएगा देश भी जनता किसके साथ खड़ी है । सारे विपक्षी दल एकत्रित होकर अपना असतित्व बचाने में लगे हैं । श्री गुर्जर बे कहा कि 4 जून को परिणाम आने दो, कांग्रेस को देश में 50 सीटें भी नहीं मिलेंगी । देश में एक मात्र पार्टी भारतीय जनता पार्टी है जो आज पूरे देश अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है । फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता ने तय कर लिया है भाजपा को भारी बहुमत से जिताना है, जिससे विपक्षी पार्टी के लोग बौखलाए हुए हैं । इनको अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है इसलिए झूठ और फरेब का एजेंडा आगे कर जनता को भर्मित करने का कार्य कर रहे हैं । देश की जनता मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए गठबंघन को 400 सीट और फरीदाबाद से भाजपा को 10 लाख पार लेकर जाएगी । मुझे फरीदाबाद की 36 बिरादरी पर पूरा भरोसा है की 4 जून को फरीदाबाद सहित पुरे प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा।

# जजपा प्रत्याशी नलिन हुड्डा ने पलवल में जनसंपर्क कर मांगा जीत का आशीर्वाद

## जजपा प्रत्याशी ने चाय पर चर्चा के बाद किया विभिन्न गांवों का दौरा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद से जजपा प्रत्याशी नलिन हुड्डा ने आज दिनांक 5 मई को पलवल शहर से चाय पर चर्चा करने के बाद हल्का होडल से बंचारी गांव तक जनसंपर्क कर लोगों से जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान ग्रामीणों ने इस युवा नेता को अपना स्नेह और समर्थन प्रदान कर प्रत्याशी का हौसला बढ़ाया। जजपा प्रत्याशी नलिन हुड्डा ने अपने जनसंपर्क की शुरूआत पलवल शहर में लोगों के साथ चाय पर चर्चा कर के शुरू की। यह जनसंपर्क दौरा *दिघोट गांव से प्रारंभ होकर जटोली, माहोली, भिडुकी (महाग्राम पंचायत) से होते हुए गोडोता, मित्रोल, डकोरा, बंचारी* गांव पहुंचा। इस जनसंपर्क कै दौरान मित्रोल ग्रांम की महिलाओं ने लोक गीत के साथ नलिन हुड्डा का स्वागत कर हरियाणा के हित के साथ महिलाशक्ति के हित में काम करने और इस लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीतने का आशीर्वाद दिया। इस जनसंपर्क में प्रत्याशी नलिन हुड्डा के साथ सभी ग्रामों के ग्राम प्रधान और जजपा के कार्यकर्ताओं सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# 38 सीसीटीवी और 427 कैदियों के बीच बड़ी घटना को अंजाम देगी ब्लडी हाउसवाइफ



**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** दिव्या खोसला कुमार सावी – ए ब्लडी हाउसवाइफ के साथ दर्शकों को रिझाने के लिए तैयार हैं। फिल्म में लीड रोल प्ले करते हुए दिव्या, अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे के साथ नजर आएंगी। यह पहली बार है जब दिव्या खोसला अनिल कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। जैसे ही टीम ने 6 मई को फिल्म का टीज़र जारी किया, फैंस की खुशी सांतवे आसमान पर पहुंच चुकी है। टीजर में दिव्या के खौफनाक रूप और जबरदस्त डायलॉग्स की तारीफ हो रही है। वो कैमरे के सामने बैठकर खुद को रिकॉर्ड कर रही हैं। वो कहती नजर आ रही हैं कि, ये मेरा कन्फेशन है। अगले तीन दिनों में मैं इंडिया की सबसे खतरनाक जेल ब्रेक करने जा रही हूं। 38 सीसीटीवी कैमरे, 75 आर्म गार्ड्स और 427 कैदियों के बीच से अपने लिए मुझे ये करना होगा। मेरे पास और कोई रास्ता नहीं है। टीजर काफी दिलचस्प लग रहा है।

**सावी– ए ब्लडी हाउसवाइफ पोस्टर**

टीम ने फैंस को एक मोशन पोस्टर दिखाया, जिससे चर्चा शुरू हो गई कि दिव्या की भूमिका क्या है। मोशन पोस्टर में, हम एक महिला को सबजियों का एक बैग ले जाते हुए देखते हैं और जल्द ही वह खून से लथपथ उसके हाथ में बदल जाता है, फिर वह बंदूक उठाती है। सावी का ये रुख फैंस में काफी दिलचस्पी जगा रहा है। फिल्म अभिनय देव की निर्देशित और मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की बनाई है।

# अंतिम दिन नौ उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** नामांकन पत्र दाखिल करने के अन्तिम दिन सोमवार को नौ उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि आज बीजेपी के कृष्ण पाल, निर्दलीय अतुल, पीपल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) की श्रीमती बृजबाला, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के शिव नारायण, जन शक्ति दल के स्वतंत्र सिंह, निर्दलीय नीरज, अखिल भारतीय किसान मजदूर पार्टी के रणधीर सिंह, लोकतांत्रिक जन शक्ति पार्टी के स्कीला हुसैन और आरक्षण विरोधी पार्टी के सुमित कुमार ने फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में चुनाव लडने.के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आज सोमवार को



कुल 09 लोगों ने नामांकन दाखिल किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर 10-फरीदाबाद लोकसभा के लिए गत विगत सोमवार 29 मई को अधिसूचना जारी करने के साथ ही आम चुनाव के लिए नामांकन का कार्य भी शुरू हो गया था। सोमवार को अनतिम दिन तक 28 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। जबकि कवरिंग कैंडिडेट के प्रत्याशियों की संख्या के हिसाब से कुल नामांकन की संख्या 32 बनती है।

# क्रीड ऑपरेटरों ने वेतन मान बढ़ाने के लिए सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**कहा-6 हजार में गुजरा कैसे करें**

**एक मजदूर से भी कम सेलरी देना उचित नहीं।**

**युवा अपने आप को सरकार के मकड़जाल में फंसा महसूस कर रहे हैं।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला सचिवालय में क्रीड पंचायत लोकल ऑपरेटर्स जो आप के न केवल परिवार पहचान पत्र की करेक्शन ठीक करते हैं बलिक ग्राम पंचायत व अन्य विभागों में कोई कार्य करने को दिया जाता है उसे भी पूरा करते हैं। मगर आज ये सरकार की ऐसी वेतन पॉलिसी के खिलाफ एकजुट हुए हैं जो एक मजदूर से भी कम है। इन्होंने आज अपनी मांग का एक ज्ञापन एडीसी के माध्यम से डीसी व सीएम के नाम भेजा। रेवाड़ी में एडीसी उपलब न होने के बाद सीटीएम ने उनका ज्ञापन लिया व उनको आशवासन दिया कि आपकी मांग सरकार को भेज दी जाएगी। क्रीड कर्मचारियों ने बताया कि 27 अक्टूबर 2023 में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने प्रदेश के 7500 युवाओं को रोजगार देने के लिए क्रीड विभाग में भर्तियां निकाली थी। सरकार ने इनका 2 बार एक क्लर्क के एग्जाम की तरह परीक्षा ली थी। इन्होंने बताया कि भर्ती बिल्कुल पारदर्शी तरीके से हुई। न कोई खर्ची न पर्ची चली। हम सब बहुत खुश थे कि चलो अब हम सरकार का हिस्सा बन कर कार्य करेंगे मगर जब जवाइंनग लेटर आया तो बताया कि आपको मात्र 6 हजार सेलरी मिलेगी। सीपीएलोज ने बताया कि हम सरकार के सभी कार्य करते हैं जो हमें टास्क के रूप में दिए जाते हैं। मगर इस बात का दुख है कि हमारी सेलरी एक मजदूर से भी कम है। जेडकरिम हमें बिना कोई लिखित आदेश के कार्य दे देते हैं। हमें अभी तक न ही कोई वेतन व न ही कमीशन मिला। आखिर सरकार युवाओं के साथ ऐसा क्यों कर रही है कि ये युवा अपने आप को सरकार के जाल में फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से कहा कि हमारा वेतन मान एक क्लर्क के जितना किया जाए। हम से कहीं पर भी टास्क के रूप में कार्य करवा लीजिए मगर वेतन व कमीशन डीडीपीओ ऑफिस से ही मिलना चाहिए।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर ऐसे साधा निशाना

**समाचार गेट/एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन का कैरेक्टर है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।

**जो रामद्रोही, वे राष्ट्रद्रोही भी**

कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा को रामलला के दर्शन करने पर उनकी पार्टी की ओर सेअममानित किए जाने को लेकर पूछे गये सवाल पर योगी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में रामद्रोह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है, कोई भी रामभक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी पार्टी की नेत्री का अपमान किया गया है, ये दिखाता है कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के डीएनए में रामद्रोह है और जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है। भारत का कोई भी जागरूक नागरिक इन्हें वोट नहीं करेगा।

**मोदी को कहा सबसे बड़ा रामभक्त**

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है। पीएम मोदी की कल अयोध्या में उपस्थिति देश ही नहीं पूरी दुनिया के रामभक्तों को अभिभूत कर रही थी। पूरी अयोध्या वहां उमड़ी थी। लाखों श्रद्धालु और रामभक्त मोदी जी के दर्शन को उत्सुक थे। मोदी जी का अयोध्या में अभूतपूर्व स्वागत हुआ।



# पवन सिंह ने दिखाया पावर तो एक्शन में आई जेडीयू



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** जेडीयू के कुछ नेताओं को पवन सिंह का समर्थन करने का विरोध हो रहा है। रोहतास के जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने प्रदेश अध्यक्ष को लिखा है कि उन नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया जाए जिन्होंने पवन सिंह का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने पार्टी की विरोधी गतिविधियों में भाग लिया है।

**निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पवन सिंह**

भोजपुरी फिल्म के पावर स्टार, पवन सिंह, बिहार के काराकाट सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वे इस क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं, रोड शो के साथ-साथ गांव-गांव में लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। जेडीयू के कुछ नेताओं ने उनका समर्थन किया था, लेकिन फोटो और वीडियो के आगमन के बाद जेडीयू आलाकमान कार्रवाई के मूड में है।

पहले उन्हें पश्चिम बंगाल के आसनसोल सीट के लिए भाजपा ने टिकट की पेशकश की थी, लेकिन व्यक्तिगत कारणों के चलते उन्होंने टिकट लौटा दिया। उसके बाद, उन्होंने काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया।

# फैक्ट्रियों में ऐसे तैयार हो रहा था असली ब्रांड का नकली माल



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** अनेक घरों, रेस्टोरेंट्स और ढाबों में मिलावटी मसालों का प्रयोग हो रहा था, जो की करावल नगर की फैक्ट्रियों में तैयार किए जा रहे थे। क्राइम ब्रांच ने दो फैक्ट्रियों के मालिकों और एक सप्लायर को 15 टन नकली मसाले और कच्चा माल सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया। इन मामलों के तहत, क्राइम ब्रांच के डीसीपी ने टीम को नकली मसाले बनाने वालों और सप्लायरों के पीछे सुराग लगाने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा, दो फैक्ट्रियों पर रेड की गई और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो नकली मसाले बना रहे थे। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट को सूचित किया गया।

**7,105 किलो मिलावटी मसाले बरामद**

धनिया पाउडर (हर एक 40 किलो के 56 प्लास्टिक बैग, कुल 2240 किलो),गरम मसाला पाउडर (3 प्लास्टिक बैग, टोटल 115 किलो),अमचूर पाउडर (हर एक 50 किलोग्राम के 29 प्लास्टिक बैग, कुल 1450 किलो),हल्दी पाउडर (हर एक 50 किलो के 66 प्लास्टिक बैग, टोटल 3300 किलो)

# तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर महिला मतदान कर्मियों में दिखा खासा उत्साह



**समाचार गेट/एजेंसी**

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश में 7 मई को लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण होने जा रहा है। जिसे लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां कर ली हैं। मतदान कर्मी चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने मतदान की सामग्री लेकर अपने अपने बूथ रवाना हो गए हैं। इस बार महिला मतदान कर्मियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**महिला मतदान कर्मियों में उत्साह**

सामग्री वितरण के दौरान मतदान दलों में शामिल महिला मतदान कर्मियों में उत्साह का माहौल देखा गया। महिला मतदान कर्मियों ने कहा कि हम भी पुरुषों से कम नहीं हैं, हम लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाना चाहते हैं । चुनाव प्रक्रिया को संपादित कराने में हम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शिवपुरी में कई महिला मतदान कर्मियों ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी उनकी ड्यूटी लगी थी और उत्साह के साथ उन्होंने काम किया था । इस बार लोकसभा चुनाव में भी उनकी ड्यूटी लगी है तो वह लोकसभा चुनाव को भी कराने में अपनी भागीदारी निभाएंगी।

**मतदान केंद्रों पर छाया और पेयजल की सुविधा**

एमपी में 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा।

इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए वहां पर खास इतंजाम भी किए जा रहे हैं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, बैठक, दवाइयों सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है। ठंडी गर्मी के समय को देखते हुए ठंडी हवा के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए, इसकी भी व्यवस्थाएं की गई हैं।

# देवीलाल ने गोत्र और भाईचारे के नाम पर मांगे वोट



**समाचार गेट/एजेंसी**

**पलवल।** 1984 के लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद लोकसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट पर रहीम खान निर्वाचित हुए थे। रहीम खान का निधन होने पर 1988 में फरीदाबाद लोकसभा का उपचुनाव हुआ। इस उपचुनाव में लोकदल ने मेव नेता खुर्शीद अहमद को और कांग्रेस ने जेपी नागर को चुनाव मैदान में उतारा। केंद्र में कांग्रेस की सरकार होने के बाद भी लोकदल के खुर्शीद अहमद ने जीत हासिल की थी। खुर्शीद अहमद के चुनाव की कमान तत्कालीन सीएम चौधरी देवीलाल ने संभाली थी।

उन्होंने गोत्रवाद से लेकर भाईचारे का समीकरण बनाकर वोट मांगे। इस चुनाव में बड़े पैमाने पर बूथ कैप्चरिंग हुआ था, जिसके कारण 109 मतदान केंद्रों पर दोबारा चुनाव करवाया गया। तब लहर होने के बाद भी कांग्रेस हार गई और लोकदल के खुर्शीद जीत गए।


**जिस भी गांव में जाते वहां के गोत्र का नाम लेते**

इसी प्रकार गोदारा, दलाल, सिहाग और देशवालों के गांवों में प्रचार के दौरान कहते थे कि यह चारों भाई थे और इन सभी गोत्रों का आपस में भाईचारा है। डागर गोत्र के बाद मंडकौला में कहा कि चौधरी खुर्शीद अहमद दंहगल गोत्र के हैं और दंहगल और डागरों का आपसी भाईचारा है। चौधरी देवीलाल जिस भी गांव में जाते वहां के गोत्र का नाम लेते और भाईचारा व रिश्तेदारी बताकर वोट के साथ एक नोट भी मांग लेते थे। चुनावी हिंसा के बाद भी पलवल में कांग्रेस को ज्यादा वोट मिले और खुर्शीद अहमद 63 मतों से पीछे रहे। हथीन और होडल में खुर्शीद अहमद को गोत्र और भाईचारे के नाम पर जमकर वोट मिले।

**ग्रीन ब्रिगेड की एंट्री पहली बार फरीदाबाद लोकसभा उपचुनाव में हुई**

चौधरी देवीलाल की ग्रीन ब्रिगेड की एंट्री पहली बार फरीदाबाद लोकसभा उपचुनाव में हुई। यह हरियाणा में यूथ लोकदल के कार्यकर्ताओं की टीम थी। वे हरे रंग के कपड़े और पगड़ी पहनते थे। लिहाजा लोगों ने इसे ग्रीन ब्रिगेड का नाम दिया। कहा जाता है कि ग्रीन बिग्रेड ने जमकर बूथ कैप्चरिंग की और यहां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में फायरिंग भी हुई थी।

# जंगल की आग ने ली 3 दिनों में 5 लोगों की जान



**समाचार गेट/एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में जंगल की आग डराने लगी है। रविवार को अल्मोड़ा में आग ने दूनागिरी मंदिर को घेर लिया। चारों तरफ से जंगल की आग मंदिर के बिल्कुल करीब पहुंच गई। आग को देखते ही वहां श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि आग से मंदिर परिसर की सीढ़ियों में टंगी घंटियां और टिन शेड पूरी तरह जलकर राख हो गए हैं। अफरा-तफरी के बीच मंदिर परिसर की दुकानें भी बंद कर दी गई थीं। गनीमत रही कि वन विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। इससे बड़ी घटना होने से बच गई। बढ़ती गर्मी के साथ उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जंगलों में आग की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। नवंबर से अब तक 910 घटनाएं सामने आई हैं। इसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत हो चुकी है। वहीं, पांच अन्य घायल हैं।

उत्तराखंड में 1145 हेक्टेअर से अधिक वन क्षेत्र आग की घटनाओं के कारण प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घंटे में ही आग लगने की 24 घटनाएं सामने आई हैं। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को निर्देश जारी किया कि सभी जिलाधिकारी एक सप्ताह तक रोज लगातार जंगल की आग पर निगरानी रखेंगे। पौड़ी जिले में जंगलों में आग लगाने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

**आग के कारणों को बताया**

अधिकारियों ने कहा कि उत्तराखंड में जंगल की आग की घटनाएं मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियों के कारण होती हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग कभी-कभी कृषि या पशुधन चराने के लिए क्षेत्रों को खाली करने के लिए घास के मैदानों में आग लगा देते हैं। इससे अनजाने में बड़ी जंगल की आग भड़क जाती है। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, इस प्री-मानसून सीजन में कम बारिश के कारण मिट्टी की नमी की कमी और जंगल में मौजूद सूखी पततियों, चीड़ की सुइयों और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की उपस्थिति ने भी ऐसी घटनाओं में योगदान दिया है।

**पांच लोगों की अब तक मौत**

जंगल की आग से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। सबसे हालिया मौत नेपाली मूल की 28 वर्षीय महिला मजदूर की थी। पूजा (28) नाम की महिला तीन दिन पहले अल्मोड़ा जिले में एक पाइन रेजिन फैक्ट्री के पास जंगल की आग बुझाने की कोशिश करते समय गंभीर रूप से घायल हो गई थी। शनिवार को जलने से उसकी मौत हो गई। उनके पति और दो अन्य लोगों की पिछले सप्ताह उसी आग से लड़ते हुए मौत हो गई थी।

# बीएसएनएल कैंपस में लगी भीषण आग



**समाचार गेट/एजेंसी**

**रांची।** रांची के बीएसएनएल दफ्तर में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए दकमल की कई गाड़ियों के साथ फायर बिग्रेड की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

रांची के बीआईटी ओपी इलाके स्थित बीएसएनएल के सर्किल ऑफिस के स्टोर परिसर में आग लगने से घंटों अफरातफरी का माहौल देखने को मिला। आग ने देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। आग की वजह से करोड़ों की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है।

**तेजी से आग फैलने से कुछ करने-समझने का मौका नहीं मिला**

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची स्थित बीएसएनएल के सर्किल ऑफिस के स्टोर के बाहर अचानक आग की लपटे उठने लगी। तक कोई कुछ कर पाता या समझ पाता आग की लपटे स्टोर परिसर में फैल गई। वहीं स्टोर में रखे केबल, पाइप सहित अन्य समान में आग लगते ही आग ने भयावह रूप ले लिया। जिसके बाद आग पर काबू पाने को लेकर स्थानीय स्तर पर प्रयास शुरू हुआ, लेकिन आग काफी फैलने लगी मौके से फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। लेकिन लंबे इंतजार के बाद महज एक ही गाड़ी पहुंची और उसके काफी देर बाद फायर ब्रिगेड की अन्य 04 गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने को लेकर सर्किल के स्टोर की बाउंड्री वॉल को भी जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। बीएसएनएल में काम करने वाले कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार आग की भयावहता को देखकर करोड़ों रुपये की संपतति का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# सोना खरीदने में भारत और चीन सबसे आगे



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतें रेकॉर्ड हाई पर हैं। हालांकि पिछले कुछ समय में सोने-चांदे के भाव कम हुए हैं। लेकिन अभी भी भारत में सोना 71 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब बना हुआ है। देश में ज्यादातर लोग सोना खरीदना पसंद करते हैं। त्योहारों और शादियों के सीजन में देश में जमकर सोना खरीदा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं दुनिया में सबसे ज्यादा सोना (ह्श्रस्रस्र ह्म्द्गह्यद्गह्म्1द्ग) किस देश के पास है। दरअसल सोने को किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने में अहम माना जाता है। दुनिया के बहुत से देशों ने सोने के विशाल भंडार जमा कर रखे हैं। ऐसा इसलिए है कि अगर कभी आर्थिक संकट आ जाए तो इस सोने का इस्तेमाल किया जा सके। सोने के पैमाने यानी गोल्ड स्टैंडर्ड को 18वीं शताब्दी के अंत में अपनाया गया था।

वहीं 19 वीं शताब्दी में यह गोल्ड स्टैंडर्ड दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं का अहम हिस्सा बन गया। गोल्ड स्टैंडर्ड को 1970 के दशक में आधिकारिक तौर पर छोड़ दिया गया, लेकिन इसके बाद भी देशों ने अपने सोने के भंडार को बनाए रखा। अब दुनियाभर की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ रही अनिश्चितता को देखते हुए गोल्ड रिजर्व की मांग तेजी से बढ़ रही है। आईए आपको बताते हैं कि सबसे ज्यादा सोना किस देश के पास है।

**भारत के पास कितना गोल्ड**

सोना खरीदने में भारत और चीन हमेशा सबसे आगे रहते हैं। सोने की सबसे ज्यादा खपत पूरी दुनिया में चीन में होती है। इसके बाद भारत का नंबर आता है। गोल्ड रिजर्व के मामले में भारत दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल है। भारत के पास 801 टन गोल्ड रिजर्व है दुनिया में भारत का 9वां नंबर है। वहीं भारत में आम लोगों के पास करीब 25 हजार टन सोना है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। गोल्ड रिजर्व के मामले में भारत के बाद नीदरलैंड, तुर्की, ताइवान, पुर्तगाल और उजबेकिस्तान आदि का नंबर आता है।

# दमदार रिटर्न दे रहा है ईटीएफ, क्या करें निवेशक?



**समाचार गेट/एजेंसी**

मुंबई। रिटेल निवेशकों का मार्च 2024 में म्यूचुअल फंडों की स्मॉल-कैप स्कीम्स में निवेश कम हुआ है। वे लार्ज-कैप और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ETF) जैसे ऑप्शंस को तरजीह दे रहे हैं। अशोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (AMFI) के ताजा आंकड़ों से ये जानकारी सामने आई है। मार्च 2024 में ETF में निवेश 10,500 करोड़ रुपये की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। इसके पहले औसतन हर महीने 2,500 करोड़ रुपये का ही निवेश ETF में होता था। बाजार में ETF से जुड़े न्यू फंड ऑफर (NFO) भी आ रहे हैं। म्यूचुअल फंड एक्सपर्ट विजय मंत्री कहते हैं कि होटल वाले वही खाना पेश करते हैं, जिसकी डिमांड होती है। जब ETF में रिटर्न देखकर निवेशक आने लगे तो फंड हाउस भी NFO लाने लगे हैं।

मंत्री ने बताया कि ETF मतलब एक्सचेंज ट्रेडेड फंड का शेयर बाजार में आम स्टॉक की तरह कारोबार होता है। पिछले एक साल में कम से कम छह ETF ने 80 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। टॉप मोस्ट राइजिंग फंड में लगभग 110 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। इनमें वे टॉप पर हैं, जो सरकारी कंपनियों में निवेश करते हैं। मतलब वे निफ्टी पीएसयू या पीएसई में निवेश करते हैं। ऐसे में रिटेल निवेशक इन पर टूट पड़े हैं। मंत्री का मानना है कि रिटेल निवेशकों के लिए जरूरी है कि पहले वे ETF के फायदे-नुकसान को समझें और बाद में निवेश करें। पीएसयू इक्विटी म्यूचुअल फंड और पीएसयू ETF के बीच का अंतर समझें। ETF में कई बार बाय-सेल में प्राइस डिफरेंस पे करना होता है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि कुछ मामलों में लिक्विडिटी से लेकर सट्टा किस्म की जोखिम और जटिलताएं भी ETF से जुड़ी हैं।

# 10 साल के बच्चे की हिम्मत देखकर नतमस्तक हुए आनंद महिंद्रा



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जाने-माने उद्योगपति और महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने दिल्ली के दस साल के एक बच्चे की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। इस बच्चे का नाम जसप्रीत है और वह दिल्ली के तिलक नगर इलाके में रहता है। उसके पिता की मौत हो चुकी है और वह मां छोड़कर चली गई है। जसप्रीत की एक बड़ी बहन है जिसकी जिम्मेदारी भी उसी के नन्हें कंधों पर है। जसप्रीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें वह अपने पिता के स्टॉल पर रोल बनाकर बेच रहा है। महिंद्रा ने इस वायरल वीडियो को पोस्ट करते हुए इस बच्चे की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। एक फूड व्लॉगर ने हाल में इस बच्चे का दिल को छूने वाला वीडियो बनाया था जिसे अब तक लाखों लोग देख चुके हैं। महिंद्रा ने एक्स यह वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, हिम्मत का नाम जसप्रीत है। लेकिन उसकी शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मुझे लगता है कि वह दिल्ली के तिलक नगर में रहता है। अगर किसी के पास उसकी कॉन्टैक्ट नंबर है तो कृपया शेयर करें। महिंद्रा फाउंडेशन की टीम इस बात का पता करेगी कि हम उसकी एजुकेशन को कैसे सपोर्ट कर सकते हैं।

**कहां से आई हिम्मत**

जसप्रीत की दास्तां से व्लॉगर सरबजीत सिंह ने दुनिया को परिचित कराया। वीडियो में जसप्रीत चिकन एग रोल बना रहा है। जब व्लॉगर ने उससे उसके परिवार के बारे में पूछा तो जसप्रीत ने कहा कि हाल में उसके पिता की ब्रेन टीबी से मौत हो चुकी है। उसकी 14 साल की एक बड़ी बहन भी है। दोनों भाई-बहन दिल्ली में अपने चाचा के साथ रहते हैं जबकि उनकी मम्मी उन्हें छोड़कर पंजाब में अपने मायके चली गई है। जसप्रीत ने कहा कि उन्होंने खाना बनाने की कला अपने पापा से सीखी है। वह अपने स्टॉल पर चिकन से लेकर कबाब, पनीर और चाउमिन रोल बेचते हैं। जब व्लॉगर ने उनसे पूछा कि इतनी कम उम्र में इतनी हिम्मत कहां से आई तो जसप्रीत कहते हैं, मैं गुरु गोविंद सिंह का पुत्र हूं। जब तक ताकत रहेगी तब तक लड़ेंगे।

# केवल पांच दिन में 10 करोड़ यूजर्स!



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दुनिया में पहली कमर्शियल फ्लाइट 1914 में उड़ी थी लेकिन एयरक्राफ्ट यूजर्स की संख्या पांच करोड़ पहुंचने में 68 साल का लंबा समय लग गया। इसी तरह कार का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स की पांच करोड़ पहुंचने में 62 साल का समय लगा था। घर-घर में यूज होने वाले टेलीफोन को इस मुकाम तक पहुंचने में 50 साल लगे। इसी तरह क्रेडिट कार्ड के यूजर्स की संख्या पांच करोड़ पहुंचने में 28 साल का लंबा समय लग गया। टेलीविजन को यह आंकड़ा छूने में 22 साल लगे। कंप्यूटर ने 14, इंटरनेट ने सात और पेपाल ने पांच साल में यह मुकाम हासिल किया। यूट्यूब को भी पांच करोड़ तक पहुंचने में चार साल लग गए। दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने तीन साल में यह मुकाम हासिल किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स यानी ट्विटर की संख्या दो साल में पांच करोड़ पहुंची थी। यहां तक कि वीचैट जैसे पॉपुलर ऐप को भी इस मुकाम पर पहुंचने में एक साल लग गए थे।

10 करोड़ यूजर्स

नए जमाने के पॉपुलर ऐप्स की बात करें तो इसमें थ्रेड्स ने 100 मिलियन यानी 10 करोड़ यूजर्स के मुकाम तक पहुंचने में महज पांच दिन लिए थे। एलन मस्क ने जब ट्विटर यानी एक्स को खरीदा था तो उसके मुकाबले मार्क जकरबर्ग Threads लेकर आए थे। माइक्रोसॉफ्ट के निवेश वाले चैटजीपीटी को 10 करोड़ यूजर जुटाने में दो महीने लगे थे। टिकटॉक ने नौ महीने में यह आंकड़ा छुआ था जबकि वीचैट एक साल दो महीने में यहां तक पहुंच पाया था। इंस्टाग्राम को इस आंकड़े तक पहुंचने में दो साल छह महीने, माईस्पेस को तीन साल, वॉट्सऐप को तीन साल छह महीने, स्नैपचैट को तीन साल आठ महीने, यूट्यूब को चार साल एक महीना और फेसबुक को चार साल छह महीने लगे थे।

# बुलेट ट्रेन का ट्रैक कैसे बिछाया जा रहा है

**समाचार गेट/एजेंसी**

गुजरात में बुलेट ट्रेन के लिए ट्रैक बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। सूरत और वडोदरा में परियोजना के लिए 35,000 मीट्रिक टन से ज्यादा रेल और तीन सेट (03) ट्रैक निर्माण मशीनरी पहुंच चुके हैं। मशीनों के बेड़े में रेल फीडर कार, ट्रैक स्लैब बिछाने वाली कार, सीएएम बिछाने वाली कार और फ्लैश बट वेल्डिंग मशीन शामिल हैं। इसका यूज ट्रैक निर्माण कार्यों के लिए किया जाएगा। इन मशीनों की असेंबली, परीक्षण और कमीशनिंग का काम प्रगति पर है।

**ऐसे बिछाया जा रहा ट्रैक**

पहले से बने ट्रैक स्लैब को विशेष रूप से डिज़ाइन की गई ट्रैक स्लैब लेयिंग कार पर उठाकर ट्रैक बिछाने के स्थान पर ले जाया जाता है। एक बार में 5 स्लैब उठा सकने वाली स्ष्ट का यूज करके, ऋष्ट ट्रैक



बेड पर ट्रैक स्लैब बिछाए जाते हैं। स्लैब बिछाने के काम के लिए 3 स्ष्ट कारों की व्यवस्था की गई है।


**सीमेंट डामर मोर्टार**

आरसी बेड पर उचित स्थान पर ट्रैक स्लैब लगाने के बाद, सीएएम कार समानांतर ट्रैक पर चलती है। यह सीएएम कार सीएएम मिश्रण के लिए सामग्री को डिजाइन अनुपात में मिलाती है। इसके बाद इस सीएएम मिश्रण को स्लैब के नीचे इंजेक्ट किया जाता है ताकि ट्रैक की जरूरी लाइन और स्तर हासिल हो सके। अब तक 2 सीएएम कारें खरीदी जा चुकी हैं।

# इश्यू खुलने से पहले ही कुलांचे मार रहा है जीएमपी

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बायोफार्मास्यूटिकल, एमर्जिंग बायोटेक और मेडिकल डेवाइसेज कंपनी इंडीजीन (Indegene) का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। यह आईपीओ 6 मई को खुल कर 8 मई को बंद होगा। 1,841.76 करोड़ रुपये के आईपीओ में 750 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर जारी किए जाएंगे जबकि मौजूदा इन्वेस्टर्स और प्रमोटर्स ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए 2.93 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेंगे। कंपनी ने 430-452 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। कंपनी ने तीन मई को एंकर निवेशकों से 548.77 करोड़ रुपये जुटाए। कंपनी ने बताया कि उसने 36 एंकर निवेशकों को 452 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 12,141,102 इक्विटी शेयर अलॉट करने का फैसला किया है।




ओएफएस के जरिए मनीष गुप्ता, राजेश भास्करन नायर, अनीता नायर, कार्लाइल, ब्राइटन पार्क कैपिटल और नादाथुर फैमिली ऑफिस समेत अन्य मौजूदा निवेशक शेयर बेचेंगे। कंपनी ने इस इश्यू में रिटेल इन्वेस्टरों के लिए 35%, क्यूआईबी के लिए 50% और एनआईआई के लिए 15% रिजर्व रखा है। इन्वेस्टर एक लॉट में 33 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। रिटेल इन्वेस्टर के लिए न्यूनतम निवेश राशि 14,916 रुपये होगी। कंपनी का कहना है कि इश्यू के जरिए जुटाए गए धन का इस्तेमाल लोन चुकाने, कैपिटल एक्सपेंडीचर की जरूरतों को पूरा करने, इनऑर्गेनिक ग्रोथ और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इश्यू में फाइनल अलॉटमेंट 13 मई को हो सकता है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 15 मई को हो सकती है।

कितना चल रहा है जीएमपी

बाजार विश्लेषकों के मुताबिक अनलिस्टेड मार्केट में कंपनी का शेयर 262 रुपये के प्रीमियम के साथ ट्रेड कर रहा है जो उसके प्राइस बैंड से 57.96 फीसदी ऊपर है। यानी कंपनी का शेयर 714 रुपये पर लिस्ट होने की संभावना है। इस कंपनी की स्थापना 1998 में की गई थी। दिसंबर 2023 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी ने 241.90 करोड़ रुपये का प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स और 1969.75 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कंपनी ने 266.10 करोड़ रुपये का प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स और 2364.10 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया था। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेपी मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइज़री एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इश्यू की रजिस्ट्रार है।







